# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

https://mpcci.in

# e अर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका

- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 26, अंक : 3
- माह : सितम्बर 2023

SEPTEMBER 2023


## गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्रीजी हुए 'चेम्बर भवन' में विराजमान



श्रीगणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर, दिनांक 19 सितम्बर को 'चेम्बर भवन' में श्रीजी की प्रतिमा विराजमान की गई।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित कार्यकारिणी सदस्य, सर्वश्री अशोक अग्रवाल, भरत कुमार बंसल, अनूप साहू, आशीष अग्रवाल, दीपक श्रीचन्द जैसवानी, अभिषेक गोयल, आशीष जैन, अंकुर अग्रवाल, मनोज सरावगी, संजय अग्रवाल, संजय गोयल, अनूप गोयल, अनूप साहू, रोशन गाबरा, रवि मित्तल, संजय धवन एवं राधामोहन गुप्ता सहित सदस्यगण श्री राहुल जैन आदि पूजन में शामिल हुए और भगवान श्री गणेश जी की आरती उतारकर, आशीर्वाद लिया गया।

श्रीजी की प्रतिदिन सुबह 11.00 बजे एवं सायंकाल 6.00 बजे नियमित रूप से पूजा–अर्चना की गई और अनन्त चतुर्थी के अवसर पर श्रीजी की प्रतिमा को 'चेम्बर भवन' में ही जल कुण्ड में विसर्जित किया गया।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# मुख्यमंत्री-माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के सानिध्य में ग्वालियर अंचल के व्यापारिक-औद्योगिक विकास पर हुआ 'संवाद'




## गारबेज शुल्क के युक्तियुक्तकरण का आदेश शीघ्र आएगा : श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

ग्वालियर अंचल के व्यापारिक–औद्योगिक विकास पर 'संवाद' का आयोजन, दिनांक 10 सितम्बर,23 को 'चेम्बर भवन' में प्रदेश के मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागर विमानन व इस्पात मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के जल संसाधन एवं ग्वालियर के प्रभारी मंत्री–माननीय श्री तुलसी सिलावट, ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद ग्वालियर–श्री विवेक नारायण शेजवलकर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों को फलों की टोकरी भेंट कर, पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्बोधन देते हुए, अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने निम्नलिखित मांगों/सुझावों को माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत किया :–

1. गारबेज शुल्क का युक्तियुक्तकरण किया जाए। 2. प्रोफेशनल टैक्स को समाप्त किया जाए। 3. औद्योगिक क्षेत्रों को सम्पत्ति कर से मुक्त रखा जाए। 4. ट्रांसपोर्ट नगर में उच्च गुणवत्ता की सीमेंट कांक्रीट सड़क बनाई जाएँ। 5. माधव प्लाजा में जीडीए द्वारा की गई गलती निवेशकों पर न थोपी जाए। 6. व्यापारियों पर लगे मुकदमे वापिस लिए जाएँ। 7. मण्डी व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण किया जाए।

महत्वपूर्ण सुझाव : 1. जल कर के बकाया भुगतान के लिए सुविधा योजना लागू की जाए। 2. व्यापारी सुरक्षा कानून बनाया जाए। 3. आपदा–विपदा राहत कोष बनाया जाए। 4. मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए बहुत आवश्यक है कि हमारे यहाँ लागू किसी भी कर की दर समीपवर्ती राज्यों से प्रतिस्पर्धात्मक हो, ताकि हमारे यहाँ बाहरी निवेश आने में समस्या उत्पन्न न हो। 5. शहर के प्रमुख क्षेत्र में स्थापित शासकीय आवास व कार्यालय शहर के बाहरी भाग में स्थापित किए जाएँ। 6. कोई भी निर्माण कार्य जब प्रारंभ किया जाए, तब उसके पूर्ण होने की अवधि सुनिश्चित की जाए। 7. सड़कों का निर्माण कार्य जब भी हो, तब उसके दोनों ओर नाली का प्रावधान आवश्यक रूप से किया जाए, जिससे सड़कों की आयु लंबी हो सके। 8. शिक्षा नीति में आवश्यक बदलाव करते हुए माध्यमिक शिक्षा के बाद कानून की पढ़ाई के साथ श्रीमद भागवत गीता का अंश भी पढ़ाया जाना सुनिश्चित किया जाए। 9. सूखे नशे की बढ़ती हुई प्रवृत्ति और बढ़ती अपराध पर रोक लगाई जाए।

प्रशासनिक सुझाव : 1. प्रत्येक विभाग में वास्तविक सिंगल विण्डो बनाकर निर्धारित समय में आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। 2. नगर–निगम में नामांकन रजिस्ट्री कराते वक्त स्वत: हो, इसके लिए व्यवस्था की जाए।

इस अवसर पर केन्द्रीय नागर विमान एवं इस्पात मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस संस्था की स्थापना वर्ष–1906 में मेरे परदादा माधौ महाराज की प्रेरणा से की गई थी। देश के प्रधामंत्री, माननीय श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में देश और प्रदेश का विकास सुनिश्चित हुआ है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विगत 9 वर्ष में आर्थिक शक्ति के रूप में हम 11वें नंबर से 5वें नंबर पर आ गए हैं और आगामी वर्षों में हम जर्मनी और जापान को पछाड़कर 3 नंबर पर पहुंचेंगे। सन्–2030 तक हम 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनोमी होंगे और इस 5 ट्रिलियर डॉलर की इकोनॉमी में हमारे, माननीय मुख्यमंत्री–श्री शिवराज सिंह जी ने निर्णय लिया है कि मध्यप्रदेश का योगदान 550 बिलियन डॉलर का होगा।



मुख्यमंत्री जी व्यापार–उद्योग के महत्व को समझते हैं और उन्होंने ग्लोबल इंवेस्टर्स मीट के माध्यम से 15 लाख करोड़ रूपये के एमओयू साइन करवाएँ हैं। आपने मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने जो मांगें रखी हैं, वह जायज हैं। उन पर आज ही निर्णय लिया जाना चाहिए।

प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सिंधिया जी अत्यंत प्रतिभावान व्यक्ति हैं। किसी भी एयर टर्मिनल को बनने में ढाई से तीन वर्ष का समय लगता है, लेकिन सिंधिया जी इस कार्य को एक वर्ष में पूर्ण करा रहे हैं। आपने कहा कि व्यापार–उद्योग के बिना न तो कोई राज्य चल सकता है और न ही देश। जी–20 में भी सहमति इस पर बन रही है, ताकि व्यापार–उद्योग के विकास का रास्ता सुनिश्चित हो सके। मैं, व्यापारियों और उद्योगपतियों को बहुत सम्मान की दृष्टि से देखता हूँ। आपने कहा कि हम जो कुछ कर पाएँ, वह इसलिए कर पाए क्योंकि सिंधिया जी हमारे साथ थे। आपने मध्यप्रदेश की प्रगति से अवगत कराते हुए कहा कि वर्ष–2003 में प्रति व्यक्ति आय केवल 11 हजार रूपये थी, जो कि आज बढ़कर 1 लाख 40 हजार रूपये हो चुकी है। उस समय प्रदेश का बजट 21 हजार करोड़ रूपये का हुआ करता था। इस वर्ष हमने 3 लाख 14 हजार करोड़ रूपये का बजट पारित किया है। हम अन्य राज्यों के मुकाबले तेजी से प्रगति कर रहे हैं। प्रदेश की प्रगति के आंकड़ों में आप भी बराबरी के भागीदार हैं। आपके सहयोग से ही मध्यप्रदेश 5 ट्रिलियर डॉलर की अर्थव्यवस्था में 550 बिलियन डॉलर का योगदान देगा। आपने चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा रखी गईं मांगों पर कहा कि किसी व्यापारी के यहाँ हुई आपदा पर सरकार को तात्कालिक सहायता दिए जाने की बात से सहमत हूँ और आपदा–विपदा राहत कोष के तहत बिना ब्याज के ऋण दिए जाने की व्यवस्था की जाएगी। आपने गारबेज शुल्क पर कहा कि इसके युक्तियुक्तकरण का निर्णय लिया जा चुका है, शीघ्र ही इसका आदेश आएगा। माधव प्लाजा में गलती किसी की और सजा किसी को यह नहीं होने दिया जाएगा। अगर ग्वालियर विकास प्रकाधिकरण की गलती है, तो व्यापारी इसे क्यों भुगतेंगे, यह गलती आप पर नहीं थोपी जाएगी। इस पर मैं, तत्काल निर्णय करूंगा। व्यवसायियों पर लगे मुकदमें वापिस लिए जाएँगे। खाद्य तेल इकाईयों को फिर से राहत प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की जाएगी। ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कों के लिए कहीं से भी फण्ड की व्यवस्था कर, आचार संहिता से पहले उनको दुरूस्त कराया जाएगा। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, उसके लिए जो आपने कानून बनाने का सुझाव दिया है, उस पर कार्य किया जाएगा। नशे की प्रवृत्ति को रोकने का जो आपने सामाजिक सुझाव दिया है, उसमें कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। सिंगल विण्डो सिस्टम और रजिस्ट्री के साथ नामांकन के मुद्दे को गंभीरता से लिया जाएगा। आपने प्रोफ शनल टैक्स व औद्योगिक क्षेत्रों पर सैद्धांतिक सहमति व्यक्त की तथा कहा कि इसका अध्ययन कर, रास्ता निकाला जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि आज चेम्बर ऑफ कॉमर्स के लिए ऐतिहासिक दिन है। प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा व्यापार–उद्योग के विकास के लिए रखी गई हमारी मांगों पर मंच से ही घोषणा कर, उनके निराकरण का वादा किया गया है। इसके लिए हृदय से उनका स्वागत है।

कार्यक्रम के अंत में आभार, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। संवाद कार्यक्रम में पूर्व विधायक–श्री मुन्नालाल गोयल, नगर–निगम सभापति–श्री मनोज सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष–श्री हरिपाल सहित संस्था के उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष–डॉ. वीरेन्द्र गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्ष–श्री जी. एल. भोजवानी, श्री सुरेश बंसल, श्री पारस जैन, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री पीताम्बर लोकवानी, श्री नरेश सिंघल, श्री ललित गुप्ता, श्री जगदीश मित्तिल व पूर्व कोषाध्यक्ष–श्री वसंत अग्रवाल के साथ ही कार्यकारिणी समिति सदस्यगण तथा काफी संख्या में व्यापारी एवं उद्योगपति उपस्थित थे।

**आरओसी ऑफिस : केन्द्रीय मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस अवसर पर ग्वालियर में संचालित आरओसी ऑफिस के स्थानान्तरण के संबंध में कहा कि इस संबंध में उनकी चर्चा केन्द्रीय वित्त मंत्रालय में हो चुकी है और रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज का कार्यालय ग्वालियर से स्थानांतरित न होकर ग्वालियर में ही यथावत् बना रहेगा।**



http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# टाउन हॉल की ओर 7.50 मीटर रोड का कार्य 15 सितम्बर तक होगा पूर्ण : श्रीमती नीतू माथुर, स्मार्ट सिटी, CEO



टाउन हॉल की ओर 7.50 मीटर रोड प्रारंभ किए जाने की माँग को लेकर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधिमण्डल ने दिनांक 6 सितम्बर,23 को स्मार्ट सिटी सीईओ–श्रीमती नीतू माथुर से भेंट की और उन्हें टाउन हॉल के सामने पेडेस्टल जोन बनने के उपरान्त दुकानदारों के कारोबार पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव एवं वाहनों का आवागमन बंद होने से ग्राहकों को हो रही परेशानी से पुनः अवगत कराया ।

गौरतलब है कि स्मार्ट सिटी द्वारा महाराज बाड़े पर टाउन हॉल के सामने पेडेस्टल जोन बनाकर वाहनों के लिए मार्ग बंद कर दिया गया था, परन्तु चेम्बर ऑफ कॉमर्स की मांग पर 7.50 मीटर का मार्ग वाहनों के आवागमन हेतु उपलब्ध कराए जाने हेतु तय किया गया । इस संबंध में चेम्बर के प्रतिनिधिमण्डल ने उपरोक्त दिनांक को स्मार्ट सिटी सीईओ–श्रीमती नीतू माथुर से मुलाकात की एवं टाउन हॉल की ओर 7.50 मीटर मार्ग खोले जाने को लेकर जो पत्थर कटिंग का कार्य किया जा रहा है, उस कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने की मांग की गई, ताकि महाराज बाड़ा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके और इस कार्य की वजह से व्यापारियों के व्यापार पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, उसमें राहत मिल सके ।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा रखी गई बातों को स्मार्ट सिटी सीईओ, श्रीमती नीतू माथुर ने गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि टाउन हॉल की ओर 7.50 मीटर मार्ग खोले जाने के कार्य की समय सीमा 15 सितंबर,23 तय की गई और इस कार्य को समय–सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा ।

प्रतिनिधि मण्डल के आग्रह पर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों द्वारा सायं 7.00 बजे चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं महाराज बाड़ा क्षेत्र के व्यवसायियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर, कार्य का अवलोन किया गया ।

चेम्बर के प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष–सुरेश बंसल सहित व्यवसायी–सर्वश्री संदीप वैश्य, श्याम रोहिरा, गोपाल छावड़ा, रोशन गाबरा, कपिल लुधियानी, राकेश कुमार, मयंक अग्रवाल आदि शामिल थे।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

दिनांक 30 सितम्बर,23 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :–

- ग्वालियर स्टेशन रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति में प्रतिनिधित्व हेतु सदस्य – श्री रवि कुमार गर्ग, मेसर्स कार्तिकेय इंटरप्राइजेज को नामित किए जाने का निर्णय लिया गया ।
- वर्षों पुराने दस्तावेज, फोटोग्राफ व एकाउन्ट से संबंधित कागजातों को नष्ट किए जाने के संबंध में गत् बैठक में लिए गए निर्णयानुसार की गई कार्यवाही की जानकारी सदन को दी गई ।
- उप समितियों के संयोजक एवं सहसंयोजक के नाम विगत् कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार सदन के सम्मुख प्रस्तुत किए गए ।
- दीपावली मिलन समारोह–2023 के आयोजन हेतु विगत् वर्षों की परंपरानुसार संयुक्त अध्यक्ष–श्री हेमन्त गुप्ता (संयोजक) एवं उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल को सहसंयोजक नियुक्त किया गया ।

# औद्योगिक क्षेत्रों की लीज होल्ड भूमि को फ्री-होल्ड किए जाने हेतु बैठक आयोजित




म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री सहित प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक संगठनों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों की लीज होल्ड भूमि को फ्री–होल्ड किए जाने की मांग पर एक बैठक दिनांक 19 सितम्बर, 2023 को 'चेम्बर भवन' में आयोजित की गई।

ज्ञात रहे विगत कई वर्षों से शासन से लगातार इस संबंध में चेम्बर द्वारा माँग की जा रही थी। इस संबंध में उद्योग संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा दि. 14 सितंबर, 2023 को पत्र जारी कर, उद्योग संघों से ''औद्योगिक भूमि को फ्री–होल्ड करने से औद्योगिक इकाईयों को क्या लाभ होगा तथा उद्योग संघों की शासन से क्या अपेक्षायें हैं ?'' पर जानकारी चाही गई थी। इस विषय पर अंचल के विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं उद्योगपतियों के साथ उक्त बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में स्वागत उद्बोधन देते हुए, अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों की लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड करना एमएसएमई इकाईयों की अपेक्षा शासन के लिए अधिक हितकारी है क्योंकि इससे शासन को राजस्व मिलेगा। वहीं डीआईसी व आईआईडीसी जैसे संगठनों के कार्य में कमी आएगी। इससे शासन द्वारा जो नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं, उक्त डिपार्टमेंट अपनी एनर्जी वहाँ लगा सकेंगे। शासन का यह प्रस्ताव औद्योगिक क्रांति लाने में नींव का पत्थर साबित होगा।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों को फ्री–होल्ड किए जाने की मांग चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा विगत 20 वर्ष से की जा रही है। शासन ने अब इस पर संज्ञान लिया है। हमारी शासन से यही अपेक्षा है कि उद्योगों की विगत काफी समय से लंबित इस मांग को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल ने सुझाव दिया कि सुझाव भेजने से पूर्व लीज धारक व फ्री–होल्ड वाले भूमि धारक के क्या अधिकार हैं, इसका अध्ययन कर सुझाव तैयार किए जाने चाहिए।

कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वर्ष–2019 में लीज होल्ड भूमि को फ्री–होल्ड किया गया है। हमें इसके नोटिफिकेशन व राजस्थान सरकार की पॉलिसी का अध्ययन कर, सकारात्मक सुझाव प्रेषित करना चाहिए।

बैठक में पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव, श्री जगदीश मित्तल, उद्योगपति–सर्वश्री सुरेन्द्र अग्रवाल, कमल शर्मा, अंकित अग्रवाल, महेन्द्र कुमार गुप्ता, सुरेश बनवानी, बानमौर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री संजय शर्मा सहित उद्यमी–श्री संजय धवन, श्री अमर सिंह ग्रोवर, श्री अशोक प्रेमी, श्री अरूण गौर, श्री अरूण कुमार गुप्ता आदि ने एकमत से कहा कि औद्योगिक भूमि को फ्री–होल्ड करने से शासन को ज्यादा लाभ प्राप्त होंगे क्योंकि इससे हमारे प्रदेश में नवीन निवेश आकर्षित होगा, शासन को एकमुश्त राजस्व मिलेगा और हमारा प्रदेश औद्योगिक प्रदेश के रूप में समृद्ध हो सकेगा, वहीं रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। इससे औद्योगिक इकाईयों को दोहरे करारोपण से मुक्ति मिलेगी क्योंकि उन्हें डीआईसी के साथ ही नगर–निगम को सम्पत्ति कर भी देना होता है। भूमि को फ्री–होल्ड करने की माँग उद्यमी कई वर्ष से कर रहे हैं। अतएव शासन से अपेक्षा है कि इस निर्णय को तत्काल लिया जाना चाहिए।

अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि हम जल्द ही इस संबंध में शासन को सुझाव प्रेषित करेंगे। बैठक के अंत में आभार, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

# सितम्बर, 2023 के महत्वपूर्ण प्रयास...

• पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) सहित टी. आई., थाना–कोतवानी को पत्र प्रेषित कर, दाल बाजार में असामाजिक तत्वों द्वारा सुबह से शाम तक जुआ खेले जाने की समस्या से अवगत कराते हुए प्रभावी कार्यवाही किए जाने की माँग की गई, ताकि जुआ जैसी सामाजिक बुराई दाल बाजार से समाप्त हो सके।

• पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सहित सी. एस. पी. (यातायात) को पत्र प्रेषित कर, दाल बाजार की यातायात व्यवस्था को सुधारने की माँग की गई।

• मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर शहर की व्यवसायिक एवं औद्योगिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करने हेतु 'चेम्बर भवन' में पधारने का अनुरोध किया गया।

• परियोजना निदेशक, एनएचएआई, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, वेस्टर्न बायपास के निर्माण में 'वाइल्ड लाइफ' द्वारा की गई आपत्तियों के शीघ्र निराकरण कराए जाने की माँग की गई।

• ज्वाइंट डायरेक्टर एण्ड एससी–डी, श्री रितुराज सिंह जी को पत्र प्रेषित कर, ज्वेलर्स जागरुकता कार्यक्रम में व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत की गई जिज्ञासाओं का समाधान करने की माँग की गई।

• केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री–माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं सांसद, ग्वालियर संसदीय क्षेत्र–माननीय श्री विवेक नारायण शेजवलकर को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर–इन्दौर के मध्य संचालित की जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन व्हाया शिवपुरी–गुना–शाजापुर रेल खण्ड से किए जाने एवं गोरखपुर–लखनऊ 'वंदे भारत एक्सप्रेस' का संचालन ग्वालियर तक किए जाने सहित ग्वालियर–इटावा रेल खण्ड पर बनारस एवं कलकत्ता के लिए हाई स्पीड ट्रेन प्रारम्भ किए जाने की माँग की गई।

• केन्द्रीय वित्तमंत्री, भारत सरकार–माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण को पत्र प्रेषित कर, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड और राज्य–केन्द्र शासित प्रदेशों के वाणिज्यिक कर विभाग (राज्य कर) द्वारा चलाए जा रहे, ''मेरा बिल–मेरा अधिकार'' अभियान के अन्तर्गत जारी विज्ञापनों में आवश्यक संशोधन किए जाने की माँग की गई।

• पुलिस अधीक्षक, जिला–मुरैना को ज्ञापन सौंपकर, मेसर्स साक्षी प्रॉडक्ट्स फ क्ट्री परिसर में दि. 30.08.23 को हुई आकस्मिक दुर्घटना के बाद पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की उच्च स्तरीय जाँच कराए जाने की माँग की गई।

• प्रधानमंत्री–माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को पत्र प्रेषित कर, देश के वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न सुविधाएँ जैसे कि 60 वर्ष से ऊपर के सभी आम वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन दिए जाने। रेलवे, बस और हवाई यात्रा के किराए में रियायत दी जाने। सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए अंतिम सांस तक बीमा अनिवार्य किए जाने और इसकी प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किए जाने एवं वरिष्ठ नागरिकों के अदालती मामलों को शीघ्र निर्णय के लिए प्राथमिकता दी जाने सहित प्रत्येक शहर में सभी सुविधाओं से युक्त ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनके पास अपना आशियाना नहीं है, उन्हें घर उपलब्ध कराएँ जाना आदि शामिल हैं।

• प्रदेश के मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान, एमएसएमई मंत्री–माननीय श्री ओमप्रकाश सकलेचा, उद्योग आयुक्त सहित सहायक संचालक उद्योग, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, औद्योगिक प्रयोजन हेतु आवंटित लीज होल्ड भूमि को फ्री–होल्ड किए जाने हेतु विभिन्न सुझाव प्रेषित किए गए।

• केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री–माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं सांसद, ग्वालियर संसदीय क्षेत्र–माननीय श्री विवेक नारायण शेजवलकर को पत्र प्रेषित कर, इन्दौर–भोपाल के मध्य संचालित 'वंदे भारत एक्सप्रेस' को ग्वालियर तक संचालित किए जाने की माँग की गई।

# चेम्बर की उपसमितियाँ

कार्यकारिणी समिति, दिनांक : 30 सितम्बर,23 में मनोनीत किए गए उपसमितियों के संयोजक एवं सहसंयोजकों के नाम निम्नानुसार हैं :–

| | उपसमिति का नाम | संयोजक का नाम | सहसंयोजक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | जीएसटी उपसमिति | सीए दीपक वाजपेयी | सीए शिवम के. अग्रवाल |
| 2. | स्थानीय कर उपसमिति | डॉ. प्रकाश अग्रवाल | श्री अजय गोयल |
| 3. | प्रत्यक्ष कर उपसमिति | सीए राजेन्द्र खटवानी | श्री आदित्य गंगवाल |
| 4. | एमएसएमई उपसमिति | श्री संजय कपूर | श्री संजय धवन |
| 5. | विद्युत उपसमिति | श्री संजय कुमार अग्रवाल | श्री श्रीकृष्ण गर्ग |
| 6. | रेलवे उपसमिति | श्री वसंत अग्रवाल | श्री अजय गर्ग |
| 7. | सड़क/यातायात उपसमिति | श्री संजय कट्ठल | श्री रघुनन्दन अग्रवाल |
| 8. | सदस्यता उपसमिति | डॉ. प्रवीण अग्रवाल | श्री हेमन्त गुप्ता |
| 9. | संविधान संशोधन उपसमिति | श्री विजय गोयल | श्री पीताम्बर लोकवानी |
| 10. | शिक्षा उपसमिति | श्री सुनील अग्रवाल | श्री हितेन्द्र अग्रवाल |
| 11. | स्वास्थ्य उपसमिति | श्री आयुश लड्ढा | श्री कुंजन बत्रा |
| 12. | पर्यटन विकास/पर्यावरण उपसमिति | श्री आदित्य अग्रवाल | श्री उदय गुप्ता |
| 13. | वित्त एवं बैंकिंग उपसमिति | श्री मनीष गोयल | श्री संजीव पारख |
| 14. | भवन विकास एवं रखरखाव उपसमिति | श्री अरविन्द अग्रवाल | श्री राजेश गुप्ता |
| 15. | उन्नत व्यापार, व्यवहार एवं उपभोक्ता संरक्षण उपसमिति | श्री जी. एल. भोजवानी | श्री कैलाश लहारिया |
| 16. | महिला उद्यमी उपसमिति | श्रीमती अंजलि गर्ग | श्रीमती अंजू गुप्ता |
| 17. | हुण्डी उपसमिति | श्री पारस जैन | श्री प्रमोद अग्रवाल |
| 18. | सूचना प्रोद्योगिकी उपसमिति | श्री आर. के. खेतान | श्री घनश्यामदास गुप्ता |
| 19. | समाज सेवा उपसमिति | श्री संदीप सांघी | श्री नारायणदास बृजवासी |
| 20. | व्यवसायिक एवं औद्योगिक मेला आयोजन | श्री सोबरन सिंह तोमर | श्री प्रकाश रोहरा |
| 21. | व्यवसायिक प्रशिक्षण उपसमिति | श्री मनोज अग्रवाल | श्री संदीप वैश्य |
| 22. | गुना जिला आंचलिक उपसमिति | श्री राजेश कुमार अग्रवाल | श्री कुलदीप समाधिया |
| 23. | शिवपुरी एवं श्योपुरकलाँ जिला आंचलिक | श्री राजेश गोयल | श्री राधेश्याम गुप्ता |
| 24. | डबरा–दतिया जिला आंचलिक उपसमिति | श्री अनिल जैन | श्री विवेक गुप्ता |
| 25. | भिण्ड जिला आंचलिक उपसमिति | श्री मोहन गोपाल अग्रवाल | श्री श्याम लहारिया |
| 26. | मुरैना जिला आंचलिक उपसमिति | श्री रविकान्त गोयल | श्री संजीव कुमार जैन |
| 27. | उपनगर ग्वालियर उपसमिति | श्री जवाहर जैन | श्री विनोद कुमार जैन |
| 28. | उपनगर मुरार उपसमिति | श्री सुनील गोयल | श्री राहुल गोयल |
| 29. | ई. डी. सी. उपसमिति | श्री आदयन्त अग्रवाल | श्री शरद गोयल |
| 30. | स्मार्ट सिटी उपसमिति | श्री राजेन्द्र सेठ | श्री राजीव कुमार जैन |
| 31. | कार्यक्रम उपसमिति | श्री मुकेश अग्रवाल | श्री सुनील अग्रवाल |
| 32. | साईबर क्राइम जागरुकता उपसमिति | श्री जगदीश मित्तल | श्री राजेश बांदिल (मनीष) |
| 33. | व्यापारिक विवाद निपटान उपसमिति | श्री दिलीप कुमार पंजवानी | श्री ओमप्रकाश गुप्ता |
| 34. | प्रचार–प्रसार उपसमिति | श्री सुनील गर्ग | श्री संजय जैन |
| 35. | विधिक जागरुकता उपसमिति | श्री शैलेष जैन | श्री विवेक अग्रवाल |

# MPCCI के प्रयासों को मिली सफलता

## गारबेज शुल्क का हुआ युक्तियुक्तकरण

म. प्र. शासन द्वारा चेम्बर ऑफ कॉमर्स की बहुप्रतीक्षित माँग को स्वीकार करते हुए 'गारबेज शुल्क' का युक्तियुक्तकरण किए जाने का आदेश दि. 24 सितम्बर,23 को जारी किए जाने पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री–माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद–माननीय श्री विवेक नारायण शेजवलकर, महापौर–डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार, सभापति–श्री मनोज सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष–श्री हरिपाल सहित समस्त पार्षदगणों एवं प्रेस/मीडिया का चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने किया आभार व्यक्त गया है।

ज्ञात रहे चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा गारबेज शुल्क आरोपित होने के दिनांक से ही इसकी दरों को युक्तियुक्त किए जाने की माँग निरन्तर की जा रही थी क्योंकि ग्वालियर में प्रदेश के अन्य महानगरों की अपेक्षा गारबेज शुल्क की दरें अधिक थीं। इस संबंध में समय–समय पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा जनप्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों से कई बार व्यक्तिगत् रूप से भेंट कर, गारबेज शुल्क के युक्तियुक्तकरण की पुरजोर माँग की गई। इस माँग के पूरा होने पर चेम्बर ने कारोबारियों सहित समस्त शहरवासियों की ओर से सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों तथा प्रेस (मीडिया) के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

## महाराज बाड़ा टाउन हॉल की ओर 7.50 मीटर मार्ग खुला



महाराज बाड़ा पर टाउन हॉल की ओर 7.50 मीटर मार्ग पर वाहनों का आवागमन दि. 23 सितम्बर से प्रारंभ हो गया। स्मार्ट सिटी सीईओ–श्रीमती नीतू माथुर द्वारा इसका शुभारंभ किया गया।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, स्मार्ट सिटी सीईओ–श्रीमती नीतू माथुर एवं उनकी पूरी टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीपनारायण सहित पूर्व उपाध्यक्ष–श्री सुरेश बंसल, व्यवसायी–सर्वश्री दीपक जैन, अभिषेक चतुर्वेदी, रोशन गाबरा, आशीष अग्रवाल, संदीप वैश्य, रिषी कपूर, रविन्द्र गोयल, गोविंद त्रिपाठी, वैभव अग्रवाल, राजेन्द्र वर्मा, गोपाल छाबड़ा, श्याम सुंदर रोहिरा एवं माधव अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव ग्वालियर स्टेशन पर 02 मिनट के स्थान पर हुआ 04 मिनट

भोपाल–दिल्ली–भोपाल के मध्य संचालित हाई स्पीड ट्रेन 'वंदे भारत एक्सप्रेस' के ग्वालियर में ठहराव को 02 मिनट के स्थान पर 05 मिनट किए जाने की माँग चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा माननीय केन्द्रीय रेल मंत्री जी से की गई थी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड द्वारा उक्त ट्रेन के ठहराव के समय में 02 मिनट की वृद्धि कर दी गई है। अब यह ट्रेन सुबह भोपाल से 9.41 बजे आकर 9.45 पर जा रही है। वहीं शाम को नई दिल्ली से 5.38 बजे आकर 5.42 पर जाने लगी है। ज्ञात रहे 02 मिनट के स्टॉपेज से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।


## अर्थवार्ता में विज्ञापन की दरें

**अर्थवार्ता में विज्ञापन प्रकाशन की दरों को आकर्षक बनाते हुए, उनमें छूट का प्रावधान किया गया है। नवीन दरें निम्नानुसार हैं :-**

| Page | Quarter Page | Half Page | Full Page |
|---|---|---|---|
| Front | 6000/- | 10000/- | - |
| Back | 5000/- | 8000/- | 15000/- |
| Inner Front | 3500/- | 6500/- | 12000/- |
| Inner Back | 3500/- | 6500/- | 12000/- |

आकर्षक छूट :
एक साथ 03 विज्ञापन प्रकाशित होने पर 10%
एक साथ 04 विज्ञापन प्रकाशित होने पर 20%
एक साथ 07 विज्ञापन प्रकाशित होने पर 25%
नोट : विज्ञापन शुल्क के साथ 18% जीएसटी अलग से देय होगा।


**प्रेषक :** स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917